प्रेसनोट थाना खन्दौली जनपद आगरा।

थाना खन्दौली पुलिस टीम द्वारा शादी समारोह में गोली मार कर हत्या करने वाले 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार....

दिनांक 01.07.2021 को वादी गोविन्द सिंह पुत्र बिजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम व पोस्ट बरौली चोथ तहसील डीग भरतपुर राजस्थान द्वारा थाना खन्दौली पर सूचना दी गयी कि मेरा बेटा धमेन्द्र दिनांक 30.06.2021 को एत्मादपुर रोड वृन्दावन गार्डन थाना खन्दौली आगरा में अपने मामा के लड़के की शादी में आया था। धर्मेन्द्र का विवाद विवेक पुत्र श्यामवीर नि0 दयानगर तोचीगढ़ थाना इगलास जनपद अलीगढ़ व ज्ञानेन्द्र सिंह फौजी पुत्र नामालूम जिसके पास पिस्टल थी से हुआ था। विवेक द्वारा पिस्टल देखने की कहकर धर्मेन्द्र को गोली मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना खन्दौली पर मु0अ0सं0 207/21 धारा 302/34 भादवि पंजीकृत किया गया

उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा दिये गये आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी एत्मादपुर के सफल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खन्दौली को टीम गठित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इसी क्रमानुसार दिनांक 02.07.2021 को को गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि शादी समारोह में गोली मार कर हत्या करने वाले दोनों अभियुक्त इस समय मलूपुर ठेका देशी शराब से पैंतखेड़ा जाने वाले रास्ते पर प्लाट की दीवार के किनारे पैंतखेड़ा ग्रम में होने वाली पंचायत में सम्मिलित होने की फिराक में हैं यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किये जा सकते हैं।

पुलिस टीम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही का विवरण :–

मुखबिर खास द्वारा मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम बताये स्थान पर पहुंची। पुलिस टीम को देख अभियुक्तगण भागने लगे। टीम द्वारा चारों ओर से घेरघोट करते हुए एक बारगी दबिश देते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 जरब पिस्टल 32 बोर मय 05 जिन्दा कारतूस, 02 अदद मैगजीन बरामद हुए।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :–

01.विवेक पुत्र श्यामवीर नि0 ग्राम दयानगर तोचीगढ़ थाना इगलास जनपद अलीगढ़।
02. ज्ञानेन्द्र सिंह फौजी पुत्र वेदपाल सिंह नि0 रवि कुन्ज कंचन नगर भट्टा वाली गली आगरा रोड हाथरस कोतवाली जनपद हाथरस।

बरामदगी का विवरण :–

01. 01 जरब पिस्टल 32 बोर मय 05 जिन्दा कारतूस,
02. 02 अदद मैगजीन

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :–

01. थानाध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार निर्वाल थाना खन्दौली जनपद आगरा।
02. उ0नि0 श्री ललित कुमार थाना खन्दौली जनपद आगरा।
03. उ0नि0 श्री राहुल कटियार थाना खन्दौली जनपद आगरा।
04. का0 अरूण कुमार थाना खन्दौली जनपद आगरा।
05. का0 गौरव कुमार थाना खन्दौली जनपद आगरा।
06. का0 अवधेश कुमार थाना खन्दौली जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।